भारत सरकार/Government of India
परमाणु ऊर्जा विभाग/Department of Atomic Energy
भारी पानी बोर्ड/Heavy Water Board

वि.एस. भवन/V.S.Bhavan
अणुशक्तिनगर/Anushaktinagar
मुंबई/Mumbai - 400 094

भारी पानी बोर्ड में वैज्ञानिक वार्ता/ संगोष्ठी का आयोजन - एक रिपोर्ट

भारी पानी बोर्ड(के.का.), मुंबई में दिनांक 20 जून, 2025 (शुक्रवार) को अपराह्न 2:30 बजे से भापाबो हॉल, शून्य तल, वि.सा. भवन में वैज्ञानिक वार्ता/संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ. ए.के. त्यागी, संकायाध्यक्ष, एचबीएनआई को आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर श्री एस. सत्यकुमार, मुख्य कार्यकारी, भापाबो, श्री मुदित श्रीवास्तव, आंतरिक वित्त सलाहकार, भापाबो, श्री वी.वी.एस.ए. प्रसाद, निदेशक (प्रचालन), भापाबो, श्री के.वी. टाले, सह निदेशक (प्रचालन), भापाबो, श्री के.सी.शर्मा, महाप्रबंधक (सं.स्वा.एवं पर्या. तथा गुणवत्ता आश्वासन), श्री एस. वाधवा, सह निदेशक (तकनीकी) सहित भापाबो के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थें।

मुख्य वक्ता डॉ. ए.के. त्यागी, संकायाध्यक्ष, एचबीएनआई का स्वागत करते हुए श्री एस. सत्यकुमार, मुख्य कार्यकारी, भापाबो एवं श्री भास्करानंद झा, उप निदेशक (राभा), भापाबो

डॉ. ए.के. त्यागी, संकायाध्यक्ष, एचबीएनआई एवं श्री एस. सत्यकुमार, मुख्य कार्यकारी, भापाबो विविध विषयों पर चर्चा करते हुए

मंचासीन अतिथियों के स्वागत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। श्री एस. सत्यकुमार,मुख्य कार्यकारी, भापाबो ने डॉ. ए.के. त्यागी, संकायाध्यक्ष, एचबीएनआई को पुष्प-गुच्छ एवं शॉल देकर स्वागत किया ।

'भारी पानी बोर्ड: गतिविधियाँ एवं उपलब्धियाँ' विषय पर अपनी वार्ता प्रस्तुत करते हुए श्री एस. सत्यकुमार,मुख्य कार्यकारी, भापाबो

श्री एस. सत्यकुमार,मुख्य कार्यकारी, भापाबो डॉ. ए.के. त्यागी, संकायाध्यक्ष, एचबीएनआई को पुष्प-गुच्छ एवं शॉल देकर स्वागत करते हुए

संगोष्ठी के प्रथम वक्ता भारी पानी बोर्ड के मुख्य कार्यकारी श्री एस. सत्यकुमार ने **'भारी पानी बोर्ड : नई गतिविधियाँ एवं उपलब्धियाँ'** विषय पर अपनी वार्ता प्रस्तुत की। उन्होंने त्रिचरणीय नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम की सफलता में भारी पानी की अहम भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि औद्योगिक स्तर पर भारी पानी का उत्पादन भारत के आत्मनिर्भरता की ओर एक महत्त्वपूर्ण कदम है। उन्होंने स्क्रैप से कोबाल्ट, निकेल और मोलिब्डेनम का

निष्कर्षण, बेयर लिकर से गैलियम की पुनर्प्राप्ति और उर्वरक इकाई पर्ज गैस स्ट्रीम से हीलियम की पुनर्प्राप्ति आदि के साथ-साथ नए उत्पाद के रूप में 'सिलकन' के उत्पादन जैसी भारी पानी बोर्ड की नई विकासात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की तथा दृढ़ संकल्प, समर्पण, नवीनता और उद्देश्य की साझा भावना के साथ आगे बढ़ने की बात पर ज़ोर दिया।

डॉ. ए.के. त्यागी, संकायाध्यक्ष, एचबीएनआई का परिचय प्रस्तुत करते हुए श्री के.वी. टाले, सह निदेशक (प्रचालन), भापाबो

श्री के.वी. टाले, सह निदेशक (प्रचालन), भापाबो ने मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ. ए.के. त्यागी, संकायाध्यक्ष, एचबीएनआई का परिचय प्रस्तुत करते हुए यह जानकारी साझा दी कि डॉ. त्यागी परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार 'विज्ञानश्री' पानेवाले पऊवि के एकमात्र वैज्ञानिक हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर प्रशंसित एवं प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीविद डॉ. ए.के. त्यागी, संकायाध्यक्ष,एचबीएनआई ने **'ड्यूटेरियम की नोबल पुरस्कार पुरस्कृत खोज : एक अभूतपूर्व उदाहरण'** विषय पर सुरुचिपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अपनी वार्ता की शुरुआत नोबल पुरस्कार के इतिहास की पृष्ठभूमि रखते हुए की । साथ ही उन्होंने रसायन विज्ञान के आधारभूत मौलिक संरचनाओं एवं आइसोटोप सहित ड्यूटेरियम की महान खोज पर रोचक जानकारी साझा की । इस पूरे वार्ता को उन्होंने वैज्ञानिक घटनाओं के साथ जोड़ते हुए कहानी के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रश्नोत्तरी सत्र के साथ अपनी वार्ता को विराम दिया।

डॉ. ए.के. त्यागी, संकायाध्यक्ष,एचबीएनआई ड्यूटेरियम की नोबल पुरस्कार पुरस्कृत खोज : एक अभूतपूर्व उदाहरण' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए

वार्ताओं के समापन के पश्चात पदाधिकारियों एवं अतिथि द्वारा भारी पानी बोर्ड की गृह पत्रिका 'गुरुजल भारती' के 18वें अंक का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री भास्करानंद झा,उप निदेशक (राजभाषा), भारी पानी बोर्ड

भारी पानी बोर्ड की गह पत्रिका 'गरुजल भारती' के 18वें अंक का विमोचन करते हुए पदाधिकारीगण एवं विशिष्ट अतिथि

कार्यक्रम के अंत में श्री एस. सत्यकुमार,मुख्य कार्यकारी, भापाबो ने डॉ. ए.के. त्यागी को भेंट स्वरूप स्मृति चिह्न प्रदान कर उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्री भास्करानंद झा,उप निदेशक (राजभाषा), भारी पानी बोर्ड ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

डॉ.ए.के. त्यागी को स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए श्री एस. सत्यकुमार,मु.का.,भापाबो, श्री वी.वी.एस.ए. प्रसाद, निदेशक (प्र) एवं श्री मुदित श्रीवास्तव,आंत.वि.स., भापाबो

डॉ.ए.के. त्यागी भारी पानी बोर्ड के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ

******